बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

दिनांक 29.09.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी परिक्षेत्राधीन तिरहुत नहर प्रमंडल–1, बेतिया अंतर्गत तिरहुत मुख्य नहर के 10.49 कि0मी0 पर द्विपथीय सेतु निर्माण कार्य हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें निम्नांकित पदाधिकारियों ने भाग लिया:–

1. श्री चन्द्रशेखर सिंह, सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री निखिल कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. श्री दीपक कुमार, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी। (ऑनलाईन)
4. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

(A) कार्य विवरणी:–

(क) कार्य का नाम	:	तिरहुत मुख्य नहर के 10.49 कि0मी0 पर द्विपथीय सेतु निर्माण कार्य।
(ख) योजना की प्रशासनिक स्वीकृति	:	रू0 1071.90 लाख, पत्रांक 577 दिनांक 16.03.2026
(ग) निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रकाशन विवरणी	:	04SBD/2025-26 Hindustan Dt. 02.04.2026 PR. No. 27487(WRD) 2025-26
(घ) परिमाण विपत्र की राशि	:	रू0 1061.21223 लाख।
(च) अग्रधन की राशि	:	रू0 20.62 लाख।
(छ) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	:	दिनांक 08.05.2026
(ज) कार्य पूर्ण करने की अवधि	:	12 माह
(झ) प्राप्त निविदा की संख्या	:	06 (छः) अदद
(ट) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की तिथि	:	दिनांक 20.08.2026
(ठ) परिवाद समिति के बैठक की तिथि	:	दिनांक 09.09.2026

(B) तकनीकी बीड की समीक्षा:–

1. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी परिक्षेत्राधीन तिरहुत नहर प्रमंडल–1, बेतिया अंतर्गत तिरहुत मुख्य नहर के 10.49 कि0मी0 पर द्विपथीय सेतु निर्माण कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में कुल 06 अदद निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया।
2. दिनांक 20.08.2026 को तकनीकी बीड के निष्पादन हेतु सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में (1) Ujjain Engicon India Private Limited, Patna, Bihar तथा (2) Shashikant Chaudhary, Bhojpur, Bihar को तकनीकी बीड में वॉछित अहर्ता पूर्ण करने के कारण सफल, जबकि (1) M/s A M Infratech, Sonbhadra, Uttar Pradesh (2) Anup Ranjan, West Champaran, Bihar (3) Madhav Construction, Darbhanga, Bihar तथा (4) Dhrub Narain Singh, West Champaran, Bihar को तकनीकी बीड में वॉछित अहर्ता पूर्ण नहीं करने के कारण असफल किये जाने की अनुशंसा किया गया।
3. दिनांक 25.08.2026 को विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी बीड में सफल 02 अदद निविदादाता यथा (1) Ujjain Engicon India Private Limited, Patna, Bihar तथा (2) Shashikant Chaudhary, Bhojpur, Bihar का वित्तीय बीड खोलकर उपस्थापित करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी को निदेशित किया गया।

4. इस बीच मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी के पत्रांक 3059 दिनांक 27.08.2026, निविदादाता M/s A M Infratech, Sonbhadra, Uttar Pradesh के पत्रांक AMI/HO/267 दिनांक 27.08.2026, श्री सुरेन्द्र प्रसाद, माननीय विधायक वाल्मीकिनगर के पत्रांक 305 दिनांक 24.08.2026 तथा Madhav Construction, Darbhanga, Bihar के पत्रांक MC/DBG/AVG/49 दिनांक 29.08.2026 द्वारा परिवाद उपलब्ध कराया गया।

5. विभागीय आदेश संख्या 199 दिनांक 14.03.2016 की कंडिका –2(घ) में निहित प्रावधान के आलोक में उपर्युक्त परिवाद पर विचार हेतु दिनांक 09.09.2026 को परिवाद समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सम्यक समीक्षोपरान्त निम्नलिखित अनुशंसा किया गया:–

- सम्यक समीक्षोपरांत परिवादी M/s A M Infratech, Sonbhadra, Uttar Pradesh एवं श्री सुरेन्द्र प्रसाद, माननीय विधायक वाल्मीकिनगर से प्राप्त परिवाद को मान्य तथा Madhav Construction, Darbhanga, Bihar से प्राप्त परिवाद को अमान्य किये जाने की अनुशंसा की जाती है।

6. परिवाद समिति द्वारा किये गये उपरोक्त अनुशंसा पर माननीय उप मुख्यमंत्री (जल संसाधन विभाग) महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

(C) विभागीय निविदा समिति का निर्णय:–

सम्यक समीक्षोपरान्त परिवाद समिति द्वारा किये गये अनुशंसा पर माननीय उप मुख्यमंत्री (जल संसाधन विभाग) महोदय का अनुमोदन के फलस्वरूप परिवादी M/s A M Infratech, Sonbhadra, Uttar Pradesh को तकनीकी बीड में सफल घोषित करते हुये सफल निविदादाता यथा (1) M/s A M Infratech, Sonbhadra, Uttar Pradesh (2) Ujjain Engicon India Private Limited, Patna, Bihar तथा (3) Shashikant Chaudhary, Bhojpur, Bihar का वित्तीय बीड खोलकर इसकी तुलनात्मक विवरणी विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी को निदेशित किया गया।

(अरविन्द कुमार वर्मा)	(दीपक कुमार)	(निखिल कुमार)	(चन्द्रशेखर सिंह)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,	मुख्य अभियंता,	अभियंता प्रमुख,	सचिव,
जल संसाधन विभाग,	सिंचाई सृजन,	सिंचाई सृजन,	जल संसाधन विभाग, पटना।
पटना।	जल संसाधन विभाग,	जल संसाधन विभाग, पटना।	
	मोतिहारी।		

पत्रांक :–मो02–मोतिहारी–163 / 2025– 1988 /पटना, दिनांक : 03-10-2026

प्रतिलिपि:– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

(प्रशांत कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यो० एवं मो० अंचल–2

पत्रांक :–मो02–मोतिहारी–163 / 2025– 1988 /पटना, दिनांक : 03-10-2026

प्रतिलिपि:–कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

(प्रशांत कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यो० एवं मो० अंचल–2